पुलवामा आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को सेना, हथियार, कथित सर्जिकल स्ट्राइक आदि से हराने की सोच एक भूल है। याद करें कि पाकिस्तान एक विचार से बना था। विचार को हथियार से कभी नहीं हराया जा सकता! उसे केवल बेहतर विचार से ही हराया जा सकता है। बेहतर विचार सदैव कर्णप्रिय नहीं होते। सत्य मधुर भी होता है, कटु भी। यह ध्यान न रखना भी एक भूल है जो गांधी जी से लेकर आज तक बदस्तूर जारी है। सभी समस्याओं के समाधान के लिए 'अहिंसा' से लेकर 'विकास' की दलीलें कुछ वैसी ही हैं। पहले हम सच का सामना करना सीखें। अन्यथा परमाणु शक्ति संपन्न होने के बावजूद हम सोवियत संघ की तरह धराशायी हो सकते हैं। प्रसिद्ध पत्रकार राजेंद्र माथुर ने लिखा था कि भारत में एक पाकिस्तान और पाकिस्तान में एक भारत सदैव बसा है। यह गंभीर सत्य है। भारत की पाकिस्तान समस्या तथा पाकिस्तान की भारत समस्या, दोनों 'वैदेशिक' नहीं, आंतरिक समस्याएं हैं। लिहाजा यहां दो देशों के रूप में विचार करना ही भ्रामक है। हम 1947 से जरूर दो (तीन) देश हैं, किंतु यह अस्थाई है। हजारों वर्षों के इतिहास में सत्तर साल कुछ भी नहीं। इसलिए तीनों राज्य भारत-भूमि हैं जहां विराट सभ्यता-संघर्ष चल रहा है। इसका परिणाम वैश्विक महत्व का होगा। अब तक दोनों पक्षों की समझ, नासमझ, संदेह, हिंसक प्रकृति वही है जो अतीत में बार-बार दिखी है। स्वतंत्रता पूर्व जो भूमिकाएं मुस्लिम लीग, कांग्रेस और ब्रिटिश सत्ता के माध्यम से दिखती थीं, कमोबेश वही तब से भिन्न-भिन्न रूपों में जारी हैं। मालदा से लेकर मुंबई और श्रीनगर से लेकर गोधरा तक वही कारनामे देश के भीतर भी लोग अंजाम देते रहे हैं।

दुर्भाग्यवश हमने इस सभ्यता संघर्ष को नहीं पहचाना तो उससे निपटने की तैयारी भी नहीं की। पहले स्वतंत्रता संघर्ष में मुस्लिम भागीदारी के लिए कांग्रेस के विफल प्रयासों और बाद में पाकिस्तान से मैत्री के भारतीय प्रयासों में भारी समानता है। समस्या की पहचान, उन पर उचित विमर्श, फिर नीति तय करना न गांधी जी के समय था, न आज है। गांधी जी और कांग्रेस नेतृत्व इस समस्या पर सदैव तात्कालिकता से ग्रस्त रहे। एक ही समस्या बार-बार नए रूप में आती थी। फिर भी उसका आमूल अध्ययन नहीं किया गया। हमेशा किसी तरह तात्कालिक संकट से छुटकारा पाने तथा मूल समस्या से मुंह फेरने की प्रवृत्ति ही रही। श्रीअरविंद जैसे मनीषी विरले थे जिन्होंने समस्या को आंख मिलाकर देखा और सही समाधान बताया, पर ऐसे स्वरों को जानबूझकर अनसुना किया जाता था। हमेशा कोई 'वार्ता' या किसी अन्य उपक्रम के माध्यम से अस्थाई शांति स्थापना का शॉर्टकट हमारी स्थाई कमजोरी रही। यह आसान उपाय की लालसा थी। यह लड़ने से नहीं, सच्चाई से बचने की भीरुता थी जो आज भी यथावत है।

मुस्लिम लीग की अनुचित मांगें स्वीकार कर 'एकता' की चाह जितनी दयनीय थी, उससे अधिक समस्या को और बिगाड़ने वाली थी। गांधी जी भी इसे देख नहीं पाए। 1916 के लखनऊ पैक्ट से लेकर 2015 के लाहौर चाय-पकौड़ा तक, 'समाधान' कर लेने की वह दुराशा कभी न बदली। इसीलिए जो दृश्य पहले था, वही एक भयंकर विभाजन, अंतहीन दंगों, आतंकी हमलों के बाद भी रूप बदल कर निरंतर चल रहा है। समस्या को किसी पाकिस्तानी नेता के साथ 'वार्ता' के बाद कोरी शाब्दिक उपलब्धि की संतुष्टि के रोग से भारत ग्रस्त है। अनगिनत विश्वासघात, आक्रमण और विफलता झेलकर भी पुनः उसी लीक के सिवा कुछ नहीं सोच पाता, क्योंकि समस्या के मूल, वैचारिक, सभ्यतागत संघर्ष की अनदेखी करता है।

यह संघर्ष किन्हीं विदेशी लोगों से नहीं, बल्कि हिंदू सभ्यता के प्रति स्थाई बैर रखने वाले एक विदेशी, साम्राज्यवादी, अधम मतवाद से है। वह हमारे ही लोगों को मतांतरित कर हमसे लड़ता रहा है। यहां सारे मुसलमान पूर्ववर्ती हिंदू ही हैं-यह तो गांधी जी से लेकर फारूख अब्दुल्ला तक बोलते रहे हैं। मगर इसका मतलब क्या है? इसके उत्तर में ही समस्या का समाधान है। इसका उपाय हथियारों में नहीं है। बल्कि दुश्मन तो चाहता ही है कि यह सैन्य लड़ाई चलती रहे। यही उसके लिए अच्छा है, क्योंकि वह इसके सिवा कुछ नहीं जानता। अन्य पैमानों पर वह एकदम खोखला है। इसे देखने के बदले हम भारत-पाकिस्तान, कांग्रेस-मुस्लिम लीग या हिंदू-मुस्लिम प्रसंग की सभी बातों, बड़े-बड़े ऐतिहासिक तथ्यों तक को छिपाते रहे हैं! ऐसी एकतरफा सेंसरशिप ने हमें अंधेरे में रखा जिसका पीढ़ीगत खामियाजा हमें बार-बार धोखे और हिंसा के रूप में भुगतना पड़ा। इस बीच जैसे ब्रिटिश अपने हित में हमारे विरुद्ध मुस्लिम-लीग कार्ड इस्तेमाल करते थे तो कभी हमसे सहमत होकर लीग पर दबाव डालते थे, वही आज भी हो रहा है। पाकिस्तान पर यूरोपीय या अमेरिकी निंदा का कोई अर्थ नहीं, जब हमने मिथ्या कल्पनाओं से समाधान की आस पाल रखी है। हमने कभी नहीं सोचा कि पाकिस्तान ऐसा क्यों कर रहा है? वह एक स्वतंत्र मुस्लिम देश बनकर क्यों संतुष्ट नहीं हुआ? ऐसा इसलिए, क्योंकि पाकिस्तान कोई सहज देश ही नहीं है। वह इस्लामी कब्जे वाला भारत ही है। उसे पूरे भारत पर वही कब्जा चाहिए, जिसका उसके अपने शब्दों में 'कश्मीर केवल दरवाजा भर है।'

वास्तव में पाकिस्तान उस साम्राज्यवादी शत्रु मतवाद का शरीर मात्र है। तभी वह सामान्य देश जैसा आचरण नहीं करता। उसे भारत को तोड़ना है, वरना वह स्वयं टूटेगा। यही विडंबना भारत की भी है। यदि वह इस्लाम को हराकर, कृत्रिम विभाजन खत्मकर पुनः भारतवर्ष की पुनर्स्थापना का लक्ष्य नहीं रखता तो यह और खंडित होगा। आजादी के बाद से असंख्य घटनाओं ने इसकी पुष्टि ही की है। सिमी, इंडियन मुजाहिदीन और हुर्रियत जैसे तमाम संगठन जिस काम में लगे हैं उसे हम देखकर भी अनदेखा कर रहे हैं। यह उस सभ्यतागत वैचारिक संघर्ष से बचने की चाह है, पर जिस दिन हम इसका सामना करना शुरू कर देंगे उसी दिन से हमारी स्थाई जीत आरंभ होगी। यह खुलकर कहना पूर्णतः अहिंसक, किंतु वैचारिक आक्रमण है कि जिस मतवाद से पाकिस्तान बना था, उसमें कभी कुछ भी अच्छा नहीं रहा है। उसने आज तक अंतहीन मारकाट, गुलामी, तबाही और अशांति के सिवा कुछ नहीं दिया है। इस कटु सत्य को पोप बेनेडिक्ट कह सकते हैं तो हम क्यों नहीं जो इसे सदियों से झेल रहे हैं? अभी तक हम मानसिक रूप से स्वतंत्र नहीं हुए और अपने धर्म और उत्तरदायित्व को नहीं समझे हैं। इसीलिए यह भीरुता और भ्रम है।

यह मूलतः वैचारिक, असैनिक, नितांत अहिंसक युद्ध है। जितना पाकिस्तान से, उतना ही अंदर भी इसे लड़ना होगा। रक्षात्मक नहीं, आक्रामक रूप से लड़ना होगा। यह शत्रु मतवाद के पैरों तले जमीन खिसकाने की लड़ाई है। इसमें उसकी हार अवश्यंभावी है। केवल इसे शुरू करने में हमें अपनी हिचक दूर करनी होगी। इससे कतराना न धर्म है, न लाभकारी। यह सत्यनिष्ठा, स्वाभिमान, मनोबल और चरित्र का युद्ध है। अस्त्र-शस्त्र या कूटनीति उसके बाद आते हैं। यह समझकर इस युद्ध को सरलता से जीत सकते हैं। इसमें हथियारबंद सैनिकों की जरूरत नगण्य पड़ेगी।

(लेखक राजनीतिशास्त्र के प्राध्यापक एवं स्तंभकार हैं)

response@jagran.com

कायापलट की राह पर रेलवे

रमेश कुमार दुबे

वंदे भारत एक्सप्रेस रेलवे की रफ्तार के साथ-साथ निर्यात बढ़ाने का सशक्त जरिया बनकर उभरेगी

सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में दुनिया भर में लोहा मनवाने वाले भारत में रेलगाड़ियों की रफ्तार बाबा आदम के जमाने की है। भारतीय रेलवे की सुस्त चाल से यदि दुनिया भर में चलने वाली तेज रफ्तार रेलगाड़ियों की तुलना की जाए तो भारतीय रेल 100 साल पीछे नजर आएगी। इसी को देखते हुए प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने रेलवे के कायापलट को प्राथमिकता दी। पिछले साढ़े चार वर्षों में रेल संबंधी आधारभूत ढांचा मजबूत करने, पिछड़े क्षेत्रों में नई रेल लाइन बिछाने, रेल लाइनों के दोहरीकरण-विद्युतीकरण,रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में सुविधाओं की बढ़ोतरी जैसे हर स्तर पर काम हुए हैं।

ढांचागत मजबूती के साथ-साथ सरकार रेलगाड़ियों की रफ्तार भी बढ़ा रही है ताकि रेलवे की तस्वीर बदली जा सके। गतिमान एक्सप्रेस के कामयाब परिचालन और मुंबई-अहमदाबाद के बीच बुलेट ट्रेन चलाने की तैयारियों के बीच रेलवे ने वाराणसी और दिल्ली के बीच सेमी हाईस्पीड ट्रेन-18 चलाई है। वंदे भारत एक्सप्रेस नामक यह इंजन रहित ट्रेन दोनों शहरों के बीच की दूरी 8 घंटे में तय करेगी। इसकी रफ्तार इस मार्ग पर चलने वाली सबसे तेज गाड़ी से डेढ़ गुना ज्यादा है। यदि पटरियों और सिग्नल प्रणाली का साथ मिले तो यह ट्रेन 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने में सक्षम है। कई देशों ने इस ट्रेन को खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। इसका कारण है कि टी-18 जैसी मानक वाली ट्रेनों की कीमत दुनिया भर में करीब 250 करोड़ रुपये है, जबकि भारत ने इसे महज 100 करोड़ रुपये की लागत से रिकॉर्ड समय में तैयार कर लिया। इस प्रकार ट्रेन-18 रेलवे की रफ्तार के साथ-साथ निर्यात बढ़ाने का सशक्त जरिया बनकर उभरेगी। गौरतलब है कि दुनिया भर में रोलिंग स्टॉक बाजार 200 अरब डॉलर का है। यह हैरानी की बात है कि इस ट्रेन के संचालन में थोड़ी बाधा आने पर कई लोगों ने तंज कसे। इनमें नेता भी शामिल थे। इससे यही पता चलता है कि राजनीति का स्तर कितना गिरता जा रहा है। आखिर किस नए काम में छिटपुट समस्याएं नहीं आतीं? इन शुरुआती समस्याओं का यह मतलब नहीं कि रेलवे के कायाकल्प की कोशिश सही दिशा में नहीं हो रही है।

रेलवे 2022 से पहले मौजूदा राजधानी-शताब्दी ट्रेनों की जगह सेमी हाईस्पीड ट्रेन चलाने की योजना पर काम कर रही है। इसके लिए 10,000 किलोमीटर नया हाईस्पीड कॉरिडोर बन रहा है जहां 200-250 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गाड़ियां दौड़ेंगी। इतना ही नहीं मोदी सरकार ने 2022 तक सभी लंबी दूरी की गाड़ियों की रफ्तार में 25 किलोमीटर प्रति घंटा की बढ़ोतरी का लक्ष्य रखा है। यात्री गाड़ियों के साथ-साथ मालगाड़ियों की औसत रफ्तार को भी दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर तेजी से काम चल रहा है। रेल परियोजनाओं को समय से पूरा करने के लिए सरकार ने रेलवे में निवेश को तीन गुना बढ़ाया है।

रेलवे की रफ्तार बढ़ाने के लिए मोदी सरकार रेलवे संबंधी आधारभूत ढांचे पर सबसे ज्यादा जोर दे रही है। 2022 तक सभी ब्रॉड गेज रेल लाइनों का विद्युतीकरण करने का लक्ष्य है। अभी 46 प्रतिशत रूट विद्युतीकृत हैं। 20,000 किलोमीटर रूट पर काम चल रहा है, जिसके पूरा होने पर 78 प्रतिशत रेल लाइनों का विद्युतीकरण हो जाएगा। कैबिनेट ने बाकी बचे 13,675 किलोमीटर रूट के विद्युतीकरण को भी मंजूरी दे दी है। इससे न केवल रेल लाइनों की क्षमता में बढ़ोतरी होगी, बल्कि पेट्रोलियम पदार्थों के आयात में भी कमी आएगी जिससे दुर्लभ विदेशी मुद्रा की बचत होगी। पिछले साढ़े चार वर्षों में रेलवे के आधुनिकीकरण के साथ-साथ ऊर्जा एवं ईंधन की बचत के अनूठे उपाय भी किए गए हैं। रेलवे के सभी कार्यालयों और डिपो में 100 प्रतिशत एलईडी बल्ब लगाए गए हैं। 2020-21 तक सभी रेलवे स्टेशनों पर सौर ऊर्जा प्लांट लगाने की योजना है। भारतीय रेलवे ने विश्व की पहली सौर ऊर्जा आधारित ट्रेन चलाने का कीर्तिमान बनाया है। एक समय रेल हादसों का प्रमुख कारण रही मानवरहित रेलवे क्रॉसिंग को पूरी तरह खत्म कर दिया गया है।

देश की विशाल भौगोलिक दूरियों और तेज विकास की जरूरतों को देखा जाए तो हाईस्पीड ट्रेन वक्त की मांग है। गौरतलब है कि देश की धमनी मानी जाने वाली रेल बदलती अर्थव्यवस्था के साथ कदमताल नहीं कर पाई है। यह अभी भी पुराने ढर्रे पर चल रही है। रेलगाड़ियों की तादाद भले ही बढ़ी, लेकिन उनकी रफ्तार घटती गई। भारतीय रेल की सुस्त रफ्तार की एक बड़ी वजह यह रही कि यहां रफ्तार के बजाय सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई। दुर्भाग्यवश यह नीति कारगर नहीं रही। इसका कारण यह रहा कि तकनीक के स्तर पर भारतीय रेल में पिछले 50 वर्षों में कोई खास बदलाव नहीं आया। इसके लिए रेलवे की पुनर्संरचना या रिस्ट्रक्चरिंग के प्रति पूर्ववर्ती सरकारों का निरुत्साही रवैया जिम्मेदार है। यहां पड़ोसी देश चीन का उल्लेख प्रासंगिक होगा जिसने अपने यहां पूरी रेलवे का कायापलट ही कर दिया। चीन में दो शहरों के बीच 1000 किलोमीटर की दूरी को रेल के जरिये पूरा करने में ढाई से तीन घंटे का समय लगता है। इतना ही नहीं चीन में सबसे कम गति वाली गाड़ियां भी 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती हैं। वहां हाईस्पीड गाड़ियों ने काफी हद तक पुरानी रेलवे लाइनों के यात्री बोझ को घटा दिया है। अब पुरानी गाड़ियों का इस्तेमाल माल ढुलाई के लिए किया जा रहा है। इस तरह माल ढुलाई कम दाम पर और सड़क के मुकाबले कम वक्त में हो रही है। इसी प्रकार की रिस्ट्रक्चरिंग का काम यूरोपीय देशों में भी चल रहा है।

भारतीय रेलवे की बदहाली का दूसरा चरण 1990 के दशक में गठबंधन सरकारों के दौर में शुरू हुआ। इस दौरान सहयोगी दलों से बनने वाले रेल मंत्रियों ने वोट बैंक के चक्कर में रेलवे में दूरगामी सुधार की घोर उपेक्षा की। रेलवे को अपने मनमुताबिक चलाने वाले रेल मंत्रियों ने यात्री किरायों में घाटे की भरपाई माला भाड़ा से करने की गलत परिपाटी शुरू कर दी। अर्थशास्त्र की भाषा में इसे 'क्रॉस सब्सिडी' कहा जाता है। इसका नतीजा यह हुआ कि हमारे देश में माल भाड़ा तेजी से बढ़ा और माल ढुलाई के काम का एक हिस्सा रेलवे के हाथों से निकलकर ट्रक कारोबारियों के पास जाने लगा। दूसरी ओर एक ही रूट पर गाड़ियों की तादाद बढ़ने से यात्री गाड़ियों की रफ्तार घटी। इसका नतीजा यह हुआ कि माल ढुलाई के साथ-साथ यात्री परिवहन में भी रेलवे की हिस्सेदारी कम होती गई। यही कारण है कि 100 करोड़ ग्राहकों और 100 फीसद अग्रिम बुकिंग के बावजूद रेलवे तंगी से जूझ रही है।

(लेखक केंद्रीय सचिवालय सेवा के अधिकारी हैं)

response@jagran.com

ऊर्जा

आदर्श

आदर्शवादिता की बात करने वाले लोगों की वर्तमान समय में कोई कमी नहीं है। लोग आदर्शों एवं सिद्धांतों का जोर-शोर से समर्थन तो करते हैं, परंतु अपने सामान्य जीवन में आदर्शों पर अमल नहीं करते। आज व्यक्तिगत दोष-दुर्गुणों से लेकर सामाजिक कुरीतियों तक के आगे घुटने टेक देने के संदर्भ में आदर्श और व्यवहार के मध्य में एक खाई उत्पन्न हो रही है। उसी तरह जैसे कहने की बात कोई दूसरी होती है और करने की दूसरी, जबकि आदर्श जीवन में उतारने के लिए होते हैं। कहा जा सकता है कि आदर्शों को मान्यता उत्तम जीवन जीने के लिए प्रदान की गई है और उनमें ही जीवन की सार्थकता खोजी जाती है। आदर्श व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन को सुख-शांति प्रदान करने के लिए ही स्थापित किए जाते हैं।

इस संदर्भ में सवाल उठता है कि हम आदर्शों की प्रवंचना क्यों करते हैं? ऐसा इसलिए, क्योंकि हम समझते हैं कि आदर्श जीवन को बोझिल एवं कष्टकारी बनाते हैं। जीवन को मधुर बनाने के लिए हम आदर्शों को एक कोने में डालकर उस पुण्यधाम में कूड़ा-कबाड़ा एकत्रित करते रहते हैं। सत्य, न्याय, त्याग, प्रेम, पवित्रता, उदारता, सहिष्णुता, करुणा और क्षमा जैसे आदर्शों से जीवन आनंदपूर्ण बनता है। इन आदर्शों को अपनाने वाला व्यक्ति अपनी चेतना में आनंद और शांति की ऐसी धारा प्रवाहित करता है जिसमें नहाकर अन्य लोग भी प्रफुल्लित हो उठते हैं। इसके विपरीत असत्य, अन्याय, स्वार्थ, मलिनता, कृपणता, आवेश, क्रूरता और प्रतिशोध की भावनाएं न जीने-जागने देती हैं और न सोने और चैन लेने देती हैं।

आदर्शों के लिए हमारे मनीषियों ने एक शब्द खोजा है-जीवन मूल्य यानी जीवन ही जिसका मूल्य है। मनुष्य को सबसे बढ़कर जीवन ही प्रिय है। चाहे करोड़ों रुपये हों, परंतु जीवन संकट में पड़ा हो तो उसे बचाने के लिए समस्त संपत्ति खोने के लिए भी मनुष्य तैयार हो जाता है। धन-संपत्ति ही नहीं, विद्या, अधिकार, ज्ञान, परिवार, पत्नी, बच्चे और समाज आदि सब कुछ जीवन की तुलना में गौण लगते हैं और यह विस्मय कर देने वाली बात है कि जिस जीवन की तुलना में सब कुछ तुच्छ है, वह जीवन आदर्शों के लिए बलि चढ़ा देना प्रशंसनीय समझा गया है। यही है हमारी आदर्शों की पराकाष्ठा।

डॉ. विजयप्रकाश त्रिपाठी

जोश में न खोएं होश

फिर से

अगर बिना अपना नुकसान किए पाकिस्तान को सबक सिखाना है तो जोश के साथ-साथ होश से काम लेना होगा

कहते हैं कि 'बदला' वह डिश होती है, जिसे ठंडा परोसा जाना ही बेहतर होता है। इस समय पुलवामा आतंकी हमले के बाद पूरा देश बदले की आग में जल रहा है, जो देश भर में जगह-जगह देखने को मिल रहा है। अपना आक्रोश दिखाने के लिए लोग जगह-जगह सड़कों और रेल मार्गों पर प्रदर्शन कर रहे हैं, जिससे यातायात भी बाधित हो रही है। जगह-जगह प्रदर्शन कर सिर्फ यही मांग की जा रही है कि पाकिस्तान से बदला लिया जाना चाहिए। लोगों का गुस्सा भी जायज है, लेकिन पुलवामा का बदला न लोग लेंगे, न सरकार। हिसाब बराबर करेगी फौज। ऐसे में कहीं हम जोश में आकर सरकार को होश खोने पर मजबूर तो नहीं कर रहे हैं? वैसे भी पुलवामा आतंकी हमले के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने खुले तौर पर पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए यह कह दिया है कि उसको उसके किए की सजा जरूर मिलेगी, लेकिन यह सजा कब मिलेगी, कहां मिलेगी और कैसे मिलेगी, यह सब सेना तय करेगी।

गौरतलब है कि 18 सितंबर, 2016 को जम्मू-कश्मीर में सेना के उड़ी कैंप पर आतंकी हमला हुआ था। इस हमले में 18 जवान शहीद हो गए थे। तब भी देशवासियों में एक आक्रोश था कि पाकिस्तान को उसके किए की सजा दी जाए, लेकिन न तो सरकार ने जल्दबाजी की, न ही सेना ने। दोनों ने साथ मिलकर एक रणनीति बनाई और 29 सितंबर, 2016 की रात को सेना ने नियंत्रण रेखा पार कर सर्जिकल स्ट्राइक की और बहुत सारे आतंकी ठिकाने तबाह कर दिए। इस ऑपरेशन की सबसे अच्छी बात यह थी कि इस ऑपरेशन को अंजाम देने वाले किसी भी कमांडो को एक खरोंच तक नहीं आई, जबकि पाकिस्तान में पनाह पाए बहुत सारे आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया गया। उम्मीद है कि जिस तरह तब होश में सर्जिकल स्ट्राइक हुई थी, ठीक उसी तरह इस बार भी सेना पूरे होश में रणनीति बनाएगी और पाकिस्तान को सबक सिखाएगी।

हम अक्सर ही लोगों को यह कहते हुए सुनते हैं कि गुस्से में दिमाग काम करना बंद कर देता है। अब जरा सोचिए अगर गुस्से में आकर सेना बदला लेने पर उतारू हो जाए तो क्या इससे नुकसान नहीं होगा? बेशक होगा। खैर, भले ही देश की जनता अभी इस बात को नहीं समझ पा रही है और आक्रोश में आकर सड़कों पर प्रदर्शन कर रही है, लेकिन सरकार इस बात को अच्छे से समझती है। यही वजह है कि सरकार ने संयम से काम लेते हुए बदला लेने का फैसला तो ले लिया है, लेकिन क्या रणनीति होगी और पाकिस्तान को कब, कहां और कैसे सजा दी जाएगी, यह फैसला सेना पर छोड़ दिया है।

कुल मिलाकर कहा जाए तो अगर बिना अपना नुकसान किए पाकिस्तान को सबक सिखाना है तो हमें जोश के साथ-साथ होश से भी काम लेना होगा। सर्जिकल स्ट्राइक जैसी रणनीति बनानी होगी ताकि पाकिस्तान को सबक भी मिल जाए और भारतीय सेना को कोई और जवान न खोना पड़े। अब बस इंतजार है उस दिन का जब सेना एक बार फिर सर्जिकल स्ट्राइक जैसा कोई बड़ा कदम उठाएगी और पाकिस्तान को सबक सिखाएगी।

(आइचौकडॉटइन से साभार)

ऐतिहासिक भूल-सुधार का वक्त

संजय गुप्त द्वारा लिखित 'धारा 370 खत्म करने का सही समय' लेख पढ़ा। लेखक ने बड़ी सूक्ष्मता से वर्तमान में कश्मीर में भारत के खिलाफ उपजे हालातों का विश्लेषण किया है। निश्चित रूप से पुलवामा में जैश-ए-मोहम्मद द्वारा कराया गया आतंकी हमला कोई सामान्य या अचानक हुआ क्रियाकलाप नहीं है। इसके पीछे एक लंबी योजना दिखाई देती है। इसी प्रकार का हमला कुछ दिनों पहले उड़ी में भी हुआ था। ध्यान देने की बात यह है कि कश्मीर अथवा देश के अन्य हिस्सों में हो रहे आतंकवादी हमलों के पीछे कश्मीरी युवक ही अधिक सक्रिय दिखाई दे रहे हैं जिससे यह स्पष्ट होता है कि उनके मन में भारतीयता से अलग कश्मीरियत की बात बैठा दी गई है। ऐसे कुछ युवकों में राष्ट्रप्रेम का भाव है ही नहीं, पाकिस्तान में बैठे आतंकी संगठनों के आका धर्म की आड़ लेकर और भारत विरोधी बातों के जरिये उनकी सोच बदल रहे हैं। भारत को अब यह समझ जाना चाहिए कि पाकिस्तान और वहां बैठे आतंकवाद के सरपरस्त किसी बातचीत के हकदार नहीं हैं। अब उन्हें ताकत से कुचलना ही एकमात्र विकल्प है। लेखक ने यह मुद्दा भी उठाया है कि कश्मीर में अलगाववादी तथा कुछ दल अपनी अलग-अलग भूमिका अदा करते हैं। सवाल है कि क्या ये भी आतंकवाद के पोषक नहीं हैं? ऐसे में जहां सीमा पर सर्जिकल स्ट्राइक की निरंतर आवश्यकता है वहीं बौद्धिक स्तर पर भी सर्जिकल स्ट्राइक की बराबर जरूरत है। इसके लिए निश्चित रूप से यह सही समय है जब धारा 370 को समाप्त किया जाए, क्योंकि इसकी संकल्पना ही अलगाव पर टिकी है। यह ऐतिहासिक भूल-सुधार का कार्य स्वर्णिम भविष्य का आधार बन सकता है।

डॉ. वेदप्रकाश, हंसराज कॉलेज, दिल्ली

मेलबाक्स

बड़ी बाधा है धारा 370

दिनांक 17 फरवरी के अंक में संजय गुप्त का लेख, धारा 370 खत्म करने का सही समय, पढ़ा। यह बात शत प्रतिशत सही है कि कश्मीरवासियों में यह भावना पैदा करनी होगी कि वह कोई अलग राज्य नहीं, बल्कि भारत का अभिन्न अंग है। धारा 370 भारतीय संविधान का एक विशेष अनुच्छेद है जिसके द्वारा जम्मू-कश्मीर राज्य को संपूर्ण भारत में अन्य राज्यों के मुकाबले विशेष अधिकार प्राप्त है। देश को आजादी मिलने के बाद से लेकर अब तक यह धारा भारतीय राजनीति में बहुत विवादित रही है। इसी विशेष दर्जे के कारण जम्मू-कश्मीर राज्य पर संविधान का अनुच्छेद 356 लागू नहीं होता। इस कारण राष्ट्रपति के पास राज्य के संविधान को बर्खास्त करने का अधिकार नहीं है। जम्मू-कश्मीर के मामले में यह अस्थाई उपबंध है। विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने की वजह से उस राज्य के विकास के लिए अन्य राज्यों की अपेक्षा अधिक प्रयास किए जाते हैं, लेकिन कहीं न कहीं उन तक सार्थक पहुंच संभव नहीं हो पाती। यह कश्मीरियों में खुद को भारत से अलग होने की भावना प्रबल करता है। यही भावना उन्हें अलगाववाद की ओर प्रेरित करती है। इसी भावना का लाभ उठाकर जैश ए मोहम्मद जैसे आतं

जनसत्ता

सर्वदलीय एकजुटता

पुलवामा की घटना के बाद सर्वदलीय बैठक में जिस तरह सभी पार्टियों ने एकजुटता दिखाई, उससे राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर एक सकारात्मक संदेश गया है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए पैदा हुए गंभीर खतरे के वक्त राजनीति से ऊपर उठ कर ऐसी एकजुटता से सरकार को बल मिलता है। गृह मंत्रालय ने आतंकवादी संगठनों से निपटने के लिए जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों को मुक्तहस्त कर दिया है। अलगाववादी नेताओं को उपलब्ध सुरक्षा घेरा वापस ले लिया गया है। इन फैसलों पर किसी ने कोई ऐतराज नहीं जताया है। दरअसल, कश्मीर के मामले में अलग-अलग राजनीतिक दलों की अलग-अलग राय रही है। खासकर कश्मीर की राजनीति में सक्रिय दल घाटी से सेना की वापसी और अलगाववादी संगठनों से बातचीत का सिलसिला जारी रखने के हिमायती रहे हैं। इन दोनों पहलुओं पर लगातार कोशिश होती रही है। यूपीए सरकार के समय रिहाइशी इलाकों से चरणबद्ध रूप में सेना को हटाने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई थी। हुर्रियत नेताओं से बातचीत जारी रही। मगर कोई सकारात्मक नतीजा निकलता नजर नहीं आया। पुलवामा की घटना के बाद पूरे देश में आक्रोश है। पाकिस्तान में चल रहे आतंकी शिविरों और वहां पनाह पाए दहशतगर्दों के खिलाफ कड़े कदम उठाने की मांग उठ रही है। ऐसे में अब इन दोनों कदमों से समस्या का समाधान निकलना संभव नहीं लगता।

छिपी बात नहीं है कि अलगाववादी नेता भारत में रहते हुए यहां के सुरक्षा घेरे में बैठ कर पाकिस्तान से संपर्क बनाए रहते हैं। यहां तक कि उन्हें सीमा पार से आर्थिक मदद भी मिलती रही है। पाकिस्तान के नुमाइंदे भारत के न्योते पर आते हैं, तो हुर्रियत नेताओं से अलग मुलाकात मुकर्रर करते हैं। अलगाववादी नेताओं ने कभी लोकतांत्रिक तरीके से कश्मीर समस्या का हल तलाशने का प्रयास नहीं किया। वे हमेशा आजाद कश्मीर की मांग और चुनाव का बहिष्कार करते रहे हैं। इसी नारे के साथ घाटी के युवाओं को भारत के खिलाफ भड़काते रहे हैं। चरमपंथी गुटों की मांग भी आजाद कश्मीर की रही है। पर विचित्र है कि अलगाववादी नेता अपने लिए चरमपंथी संगठनों से खतरा बता कर सुरक्षा घेरा प्राप्त करते रहे हैं। करीब तीन साल पहले उनके बैंक खातों पर नजर रखी जाने लगी, जिससे सीमा पार से उन्हें मिलने वाली वित्तीय मदद पर कुछ हद तक लगाम लगी। अब सुरक्षा घेरा हटने से उनकी गतिविधियों पर काफी हद तक अंकुश लगने की उम्मीद है। हालांकि पहले भी उनके खिलाफ ऐसे कड़े कदम उठाए जा चुके हैं। उन्हें घाटी से बाहर भी भेजा जा चुका है, क्योंकि घाटी में उनकी उपस्थिति से खतरे की आशंका हो सकती है। इसलिए गृह मंत्रालय को ऐसा कदम उठाने के बारे में भी सोचना चाहिए।

घाटी में आतंकी संगठनों की सक्रियता रोकने के लिए सिर्फ पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठाना काफी नहीं होगा। जब तक घाटी में युवाओं को गुमराह कर उनके हाथ में हथियार थमाने वालों पर नकेल नहीं कसी जाती, वहां अमन का माहौल बनाना कठिन बना रहेगा। यों सुरक्षाबलों की लगातार मुस्तैदी और सघन तलाशी अभियान के चलते काफी हद तक दहशतगर्दों को कमजोर किया जा चुका है, पर अब भी घाटी में उन्हें मिलने वाली पनाह पर काबू नहीं पाया जा सका है। सर्वदलीय बैठक में जिस तरह सभी राजनीतिक दलों ने यह संदेश दिया है कि दहशतगर्दी को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए, उससे इस दिशा में सकारात्मक नतीजे आने की अम्मीद बनी है।

पहला सबक

पुलवामा में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के काफिले पर आतंकी हमले ने देश को हिला दिया है। पाकिस्तान की इस बर्बर हरकत से हर भारतीय गुस्से में है। जनता अब पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होते देखना चाहती है। जनता में ऐसा आक्रोश पैदा होना स्वाभाविक भी है। सरकार के लिए यह अग्निपरीक्षा का वक्त है। अब समय है जब पाकिस्तान को ऐसा मुंहतोड़ जवाब दिया जाए जिससे जनता के मन में यह विश्वास पैदा हो कि सरकार चुप नहीं बैठी है और आतंकवाद फैलाने वालों को सबक सिखा रही है। पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए जो तात्कालिक कदम उठाए गए हैं उनसे संकेत तो यही मिल रहे हैं कि इस बार आर-पार का हिसाब होगा और हर तरह से उसकी कमर तोड़ जाएगी। सरकार के पास सैन्य कार्रवाई जैसे विकल्प तो अपनी जगह हैं ही, इससे इतर उससे कारोबारी झटके देने और कूटनीतिक तरीके से वैश्विक समुदाय में अलग-थलग करने जैसे कदमों पर सरकार ने काम शुरू कर दिया है।

सरकार ने पाकिस्तान को पहला झटका तो यह दिया है कि उसे अब तक तरजीही राष्ट्र का जो दर्जा दे रखा था, वह खत्म कर दिया है। भारत की यह कार्रवाई सर्जिकल स्ट्राइक जैसी कार्रवाइयों से भी कहीं ज्यादा महत्त्वपूर्ण इसलिए मानी जा रही है कि क्योंकि भारत ने कई बड़े आतंकी हमले झेलने के बाद भी पाकिस्तान को यह दर्जा जारी रखते हुए अपनी सदाशयता और धैर्य का परिचय दिया था। हालांकि यह कार्रवाई तो करगिल युद्ध या संसद पर हमले जैसी घटना के बाद ही हो जानी चाहिए थी। भारत को उम्मीद थी कि पाकिस्तान आतंकवाद पर लगाम लगाएगा और संसद व मुंबई हमले के गुनाहगारों को उसे सौंपेगा। लेकिन पाकिस्तान ने तो उसके बाद पठानकोट और उड़ी जैसे हमले तक कर डाले। तरजीही राष्ट्र का दर्जा खत्म होने से पाकिस्तान को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। अब भारत पाकिस्तान से होने आयात पर सीमा शुल्क बढ़ा सकेगा, इससे पाकिस्तानी सामान होगा और उसके लिए बड़े झटके से कम नहीं होगा। भारत पाकिस्तान के साथ कारोबारी रिश्तों पर प्रतिबंध लगाने जैसे कड़े कदम पर विचार कर रहा है। भारत के लिए पाकिस्तान कोई बड़ा कारोबारी भागीदार नहीं है, लेकिन पाकिस्तान के लिए बड़ा नुकसान होगा। इस वक्त पाकिस्तान की माली हालत इतिहास के सबसे बुरे दौर में है और सरकार को वैश्विक वित्तीय संस्थानों सहित दूसरे देशों के सामने हाथ पसारने पड़ रहे हैं। ऐसे में भारत का यह कदम उसके लिए झटके से कम नहीं है।

पुलवामा के आतंकी हमले की घटना के बाद भारत ने एक और जो बड़ा कदम उठाया है वह यह कि कई देशों के राजनयिकों के साथ अलग-अलग मुलाकात और बैठकें कर आतंकवाद फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए समर्थन मांगा है। अमेरिका से लेकर दक्षिण कोरिया, दक्षिण अफ्रीका से लेकर खाड़ी के देशों तक ने भारत के साथ खड़े होने का भरोसा दिया है। इस कूटनीतिक कवायद का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि पाकिस्तान के खिलाफ भारत अब जो कड़े कदम उठाएगा उसे वैश्विक समर्थन हासिल होगा। जो देश पाकिस्तान को आतंकवादी बताते हुए भी उसे मदद देते रहे हैं उन्हें भी अब एक बार उसका पक्ष लेने से पहले सोचना पड़ेगा। पाकिस्तान ने भारत को तरजीही राष्ट्र का दर्जा कभी नहीं दिया, जबकि भारत ने तेईस साल तक पाकिस्तान को तरजीही राष्ट्र का दर्जा देकर अपनी तरफ से दरियादिली दिखाई। पर अब वक्त है जब भारत की सरकार जनता की उम्मीदों पर खरी उतरे और पाकिस्तान को सबक सिखाए।

कल्पमेधा

वास्तव में महान पुरुष वही है, जो न किसी का शासन मानता है और न किसी पर शासन करता है।
-खलील जिब्रान

ग्रामीण भारत में स्कूली शिक्षा

ऋषभ कुमार मिश्र

> अर्थव्यवस्था के फलक पर गांवों की जो स्थिति है, उसमें यह तो स्पष्ट है कि रोजगार और जीविका की दृष्टि से गांव लोगों को रोक पाने में सक्षम नहीं हैं। गांवों से लगातार बड़ी आबादी का पलायन हो रहा है। यह आबादी जब गांव के बाहर जाएगी, तब शहर में ऐसे लोगों की भीड़ बढ़ेगी जिन्हें नौकरी की जरूरत है, लेकिन जिनके पास आधुनिक अर्थव्यवस्था के रोजगार की शर्तों को पूरा करने की क्षमता नहीं है।

ग्रामीण भारत में स्कूली शिक्षा की स्थिति चिंताजनक है। यह बात असर (ऐनुअल स्टेट्स ऑफ एजुकेशन), 2018 की रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट में पांच सौ छियानवे जिलों के लगभग साढ़े तीन लाख ग्रामीण परिवारों और सोलह हजार स्कूलों के सर्वेक्षण के आधार पर प्राथमिक विद्यालयों तक बच्चों की पहुंच, उपलब्धि और विद्यालयों की बुनियादी जरूरतों के आंकड़े तैयार किए गए। ये आंकड़े स्कूली शिक्षा की व्यक्ति और समाज के साथ अंतःक्रिया के बारे में कुछ महत्त्वपूर्ण रुझान देते हैं। रिपोर्ट में स्कूलों में नामांकन और बुनियादी सुविधाओं जैसे पैमानों पर सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है, लेकिन पढ़ने और गिनने जैसी कुशलताओं में विद्यार्थियों की खस्ता हालत स्कूली शिक्षा की प्रक्रिया और प्रभाव के बारे सवाल खड़ा करती है। उदाहरण के लिए छह से चौदह वर्ष की आयु के बच्चों का स्कूलों में नामांकन लगभग पनच्यानवे फीसद है। ग्यारह से चौदह वर्ष तक आयु की विद्यालय न जाने वाली लड़कियों का फीसद 4.1 है। यह सार्थक बदलाव शिक्षा के अधिकार कानून के धरातल पर क्रियान्वित होने के परिणाम हैं। तभी तो सरकारी स्कूलों में नामांकन की वृद्धि दर्ज की गई है। इसके सापेक्ष वर्ष 2014 से वर्ष 2018 के बीच निजी स्कूलों में नामांकन का आंकड़ा तीस से इकतीस फीसद के बीच रहा। ये आंकड़े उत्साहवर्धक हैं। लेकिन गांवों में प्राथमिक शिक्षा की वास्तविकता के बारे केवल इनके आधार पर निष्कर्ष निकलना उचित नहीं होगा।

कुछ लोग ऐसा भी सोच सकते हैं कि जो बच्चे पहले निजी स्कूलों में जाते थे क्या अब वे सरकारी स्कूलों में आ रहे हैं? आंकड़े इस निष्कर्ष तक पहुंचने में मदद नहीं करते। एक चौथाई सरकारी स्कूलों में आज भी बच्चों का नामांकन साठ और इससे कम है। इसमें वे बच्चे शामिल हैं जो निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार न मिलने पर स्कूल के बाहर ही रह जाते हैं। जिनके परिवार शिक्षा की कोई भी लागत नहीं उठा सकते और जो शिक्षा के बदले घरेलू व खेती के कामों में कामों में बड़ों का हाथ बंटाते। शिक्षा के अधिकार कानून-2009 के बाद से स्कूलों की संख्या में वृद्धि, शिक्षकों की नियुक्ति, इनका प्रशिक्षण, शौचालय और खेल के मैदान जैसी बुनियादी सविधाओं में सुधार और स्कूल तक बच्चों को लाने के लिए की जाने वाली पहलों के कारण सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढ़ा है।

अगला सवाल है कि प्राथमिक स्कूलों में जो बच्चे आ रहे हैं उनकी उपलब्धि की क्या हालत है? वर्ष 2008 में कक्षा आठ में पढ़ने वाले लगभग पिच्यासी फीसद विद्यार्थी कक्षा दो की ही किताब पढ़ सकते थे, जबकि 2018 में इनकी संख्या घट कर लगभग तिहत्तर फीसद पर आई है। इसी तरह वर्ष 2018 के सर्वे में कक्षा आठ के केवल चवालीस फीसद बच्चे तीन अंकों में एक अंक से भाग देने का सवाल कर पाने में सक्षम पाए गए। जबकि वर्ष 2012 में यह आंकड़ा अड़तालीस प्रतिशत था। बच्चों की अकादमिक उपलब्धि के संदर्भ में निजी स्कूलों के बच्चे सरकारी स्कूलों के बच्चों से बेहतर हैं। जैसे इस वर्ष के आंकड़े बताते हैं है कि कक्षा पांच के वे बच्चे जो कक्षा दो की पठन दक्षता रखते हैं, का फीसद सरकारी स्कूलों में चवालीस है, जबकि निजी स्कूलों में छियासठ है। इसके पक्ष में निजी स्कूलों की आधार-संरचना, अध्यापकों की निगरानी और समर्पित प्रबंधन का तर्क पर्याप्त नहीं है।

गांवों के निजी स्कूल नगरों के स्कूलों की तरह सुसज्जित नहीं हैं। वे कम फीस वाले और साधारण संसाधनों से युक्त हैं। हां, यह जरुर है कि यहां के बच्चों के अभिभावक पढाई का खर्च उठा सकते हैं। इसका एक मतलब यह भी है कि उनका सामाजिक और सांस्कृतिक परिवेश घर पर पढ़ने-पढ़ाने में सहयोग देने वाला होता है। घर और स्कूल दोनों जगहों पर सीखने के कारण बच्चे अर्जित कुशलता को धारण कर रहे हैं। सरकारी स्कूलों के बच्चों और अभिभावकों के संदर्भ में इसका अभाव है। बच्चों की उपलब्धि और सीखने में अंतर एक सांस्कृतिक अंतर है जो स्कूल में प्रवेश के पहले से सक्रिय हो जाता है। शिक्षा का अधिकार (आरटीई) भी इस सांस्कृतिक अंतर को नहीं पाट पा रहा है। यहां इस बात का उल्लेख आवश्यक है कि जैसे ही गांव के निजी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों को मौका मिलता है, वे अपने बच्चे को शहर के स्कूल

में प्रवेश दिलाते हैं। अतः शैक्षिक अवसरों की समानता व गुणवत्ता की दृष्टि से गांवों में बसने वाला भारत ऐसी भौगोलिक इकाई बनता जा रहा है जहां शिक्षा के मूलाधिकार की प्रक्रिया और परिणाम में गहरी खाई है। अमीरी और गरीबी ही इसका एकमात्र कारण नहीं है। लिंग, जाति, क्षेत्र, भाषा और धर्म भी इनसे जुड़ कर एक जटिल जाल बना रहे हैं जो सामाजिक-हाशियाकरण को बढ़ावा दे रहा है। स्कूल अपनी संस्थागत उपस्थिति के बावजूद हमारे 'आधुनिकता' के एजेंडे को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। आधुनिक शिक्षा के प्रति समाज यह विश्वास करता है कि इससे व्यक्ति में आर्थिक सामर्थ्य आएगा और वह लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वाला नागरिक बनेगा।

जिन बच्चों ने असर-2018 में हिस्सा लिया और जिनकी उपलब्धि के आंकड़े भविष्य में उनकी असफलता की संभावना पर बल देते हैं, वे आर्थिक स्वावलंबन के लक्ष्य से दूर जा रहें हैं, क्योंकि आधुनिक राज्यों में साक्षरता प्रधान रोजगार की ही भरमार है। अर्थव्यवस्था के फलक पर गांवों की जो स्थिति है, उसमें यह तो स्पष्ट है कि रोजगार और जीविका की दृष्टि से गांव लोगों को रोक पाने में सक्षम नहीं हैं। गांवों से लगातार बड़ी आबादी का पलायन हो रहा है। यह आबादी जब गांव के बाहर जाएगी, तब शहर में ऐसे लोगों की भीड़ बढ़ेगी जिन्हें नौकरी की जरूरत है, लेकिन जिनके पास आधुनिक अर्थव्यवस्था के रोजगार की शर्तों को पूरा करने की क्षमता नहीं है। असफलता का यह ठप्पा या रंग हर चरण पर गहरा होता जाएगा। ऐसे में सवाल है कि क्या वे विविधताओं का सम्मान करने वाले और भेदभाव के जड़ से समाप्त करने के लिए उद्यत नागरिक बन पाएंगे?

असर की रिपोर्ट से स्पष्ट है कि ग्रामीण भारत में स्कूल जाने की उम्र वाले बच्चों के लिए स्कूल ऐसी जगह बनता जा रहा है जहां बच्चे अपने दिन का बढ़ा हिस्सा तो बिताते हैं लेकिन इस संस्था की दिनचर्या का आयोजन जिस उद्देश्य से होता है, उसे वे पूरा नहीं कर पा रहे हैं। हमें मानना होगा कि सभी बच्चे स्कूल जाएं और सबको गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। ये दो धाराएं न होकर एक दूसरे से परस्पर संबंधित और अपरिहार्य शर्तें हैं। इनमें से किसी एक को पूरा करके संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता है। बच्चों की असफलता का ठीकरा केवल स्कूल के संस्थागत कारणों पर नहीं फोड़ा जा सकता। अक्सर संसाधनों का अभाव और शिक्षकों के गैर-पेशेवर रवैये को दोष दिया जाता है। इतना तो तय है कि उन्हें कटघरे में खड़ा करके हल नहीं खोजा जा सकता है। इस समस्या का समाधान यही है कि उन पर संदेह करने और उनके कार्यों की निगरानी के बजाय उन पर भरोसा किया जाए और उन्हें समर्थ बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए जाएं। इसके अलावा पाठ्यचर्या के बोझ को कम करना, पास-फेल की नीति में बदलाव या बाल केंद्रित शिक्षा के बहाने संसाधनों की भरमार का तर्क भी उम्मीद नहीं बढ़ाता है। ऐसे तर्कों को सर्व शिक्षा अभियान के जमाने से आजमाया जा रहा है। हमें यह विचार करना होगा कि कैसे शिक्षा की प्रक्रिया में गांव और नगर का अंतर कम हो सके।

वसंत की तलाश

अतुल चतुर्वेदी

दुनिया मेरे आगे

प्रकृति हमारी पोषक और सहचरी रही है। उसके बिना मानव जीवन की कल्पना ही असंभव है। लेकिन लगता है कि पिछले कुछ दशकों से हमारा यह रिश्ता लगातार क्षीण होता जा रहा है। न केवल हमारे जीवन में प्रकृति के प्रति संवेदना का अभाव होता जा रहा है, बल्कि हम जीव जंतुओं और वनस्पतियों के प्रति नितांत उपेक्षापूर्ण व्यवहार अपनाते जा रहे हैं। यही कारण है कि हमारे नौनिहालों और युवा पीढ़ी को छह ऋतुओं के नाम तक नहीं याद हैं। ऐसे में बतौर हिंदी के प्राध्यापक रहे मुझ जैसे व्यक्ति को घोर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सेनापति का ऋतु वर्णन हो या निराला की 'सखि वसंत आया' कविता की पंक्तियां, उनके भावार्थ मधुप वृंद बंदी, पिक स्वर नभ सरसाया समझाने में खासी मशक्कत करनी पड़ती है, क्योंकि उन्होंने न तो पिक स्वर सुने हैं और न पलाश के लाल पुष्पों को देखा है। उनके लिए तो टेसू शब्द भी हास्य का विषय मात्र है। यह हाल शहरी विद्यार्थियों का ही नहीं, कमोबेश ग्रामीण विद्यार्थियों का भी है। न केवल वसंत हमारे जीवन से गायब होता जा रहा है, बल्कि प्रकृति प्रदत्त उत्सव भले ही वो फागुन हो या सावन, उनसे जुड़े तमाम संदर्भ हम तेजी से भूलते जा रहे हैं।

बरसों पहले जब हम कालेज में अध्ययनरत थे तो हमारे गुरुजन याद रख कर एक सप्ताह पहले से ही निराला जयंती और वसंत उत्सव की तैयारियों में जुट जाते थे। पीले वस्त्र पहनना और मीठे केसरिया चावल का भोग आनंद की अलग ही अनुभूति कराता था। आज शायद बंगाल को छोड़ कर कहीं और इस वसंतोत्सव की छटा बिखरी दिखाई नहीं देती। वसंत उत्सव है नई चेतना का, नवो उल्लास का। कालिदास के ग्रंथों में वसंतोत्सव को मदनोत्सव के रूप में मनाए जाने का उल्लेख मिलता है। जितने भी बड़े कवि हुए हैं चाहे वे पूर्ववर्ती देव, मतिराम, सूर रहे हों या अनुवर्ती निराला, पंत, दिनकर- सबके यहां प्रकृति विषयक कविताएं प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं।

लेकिन आज के लेखकों की चिंताएं अलहदा हैं। लगता है सब कुछ राजनीति के इर्दगिर्द सिमट कर आया है। इसका दोष हमारी एकांग दृष्टि को दिया जाना बेहतर है, न कि केवल सामाजिक हालात को। हमारी युवा पीढ़ी तो क्या, गृहिणियां भी हिंदी महीनों के नाम नहीं जानतीं। नक्षत्रों के नाम जानना तो दूर की कौड़ी है। शहरी बच्चे अशोक, पीपल और बरगद के पेड़ को नहीं पहचानते। कचनार का फूलना, टेसू का गमकना और गेंदे का इतराना क्या जानेंगे भला! यही कारण है कि पहले जहां हमारे घरों की छत पर और छायादार शहरी रास्तों पर मोर उड़ते नजर आते थे, वे यकायक गायब हो गए हैं। अलबत्ता तो पेड़ों की कटाई का सिलसिला चलता रहता है।

बिजली विभाग के कारिंदे जब भी आते हैं तो एहतियात के तौर पर कालोनी में सड़क किनारे लग रहे पेड़ों की छंटाई कर जाते हैं। शायद विकास ऐसे ही रौंदते हुए आता है। गौरेया लगभग आंगन से गायब हो चुकी हैं। पहले आंगन उनकी चहचहाटों से गुलजार रहते थे। तितलियां अब ढूंढ़े नहीं मिलतीं। भला बाल मन की उन कविताओं का क्या होगा जो तितली पकड़ने उनकी चंचलता को लेकर लिखी गईं। बच्चों की दुनिया इन पशु-पक्षियों, पेड़-पौधों से महरूम होती जा रही हैं। उनके कोमल संसार में गैजेट, हिंसक वीडियो गेम और फूहड़ सीरियल भर गए हैं। सावन के महीने में कहीं आल्हा गायन सुनाई नहीं पड़ता और फागुन में कोई फाग और होली गाता नहीं दिखता। बाजारी त्योहारों और जहां कारपोरेट को कुछ लाभ है, सिर्फ उन त्योहारों की धूम है। दीपावली, करवा चौथ, नवरात्र में चूंकि इलैक्ट्रॉनिक और आटो मोबाइल का बाजार उठता है सो उन त्योहारों से अखबार भरे रहते हैं। लेकिन प्रकृति परक त्योहारों का रंग फीका हो चुका है। फागुन अब असभ्यों का त्योहार होता जा रहा है। वसंत की सुध भला कौन ले तब? प्रकृति के साथ हमारे सदियों पुराने रिश्तों के छीजने से हमारे अंतश्च का सौंदर्यबोध और कोमलता भी तेजी से समाप्त हो रही है। दक्षिण के प्रदेशों में आज भी प्रकृति से लगाव है। घरों में पेड़-पौधे लगाना वहां की जीवन शैली का अंग है। लेकिन मध्य और उत्तर भारतीय परिदृश्य सिर्फ आर्थिक हितों तक ही सिमट कर रह गया है।

प्रकृति हमारे साथ है और हमारी रक्षक भी। वाल्मीकि के राम पक्षियों और पर्वतों से सीता का पता पूछते हैं, गोवर्धन पर्वत ब्रज के रक्षक के रूप में सामने आता है। हिमालय की शोभा में 'मेरे नगपति मेरे विशाल' कविता दिनकर ने लिखी थी। आज न केवल ऐसे साहित्य का अभाव दिखता है, बल्कि प्रकृति के प्रति एक उदासीनता का भाव भी जन मानस में दिखाई देता है। ऐसे में वसंत को भला कहां ढूंढ़ा जाए!

चौपाल

चेतने का वक्त

क्या यह उचित है कि दुश्मन के छद्म युद्धों का सिलसिला बना रहे और हम उसे कायराना हमला कह कर निंदा करते रहें और अपने दायित्वों से भागते रहें? निस्संदेह केवल आक्रोशित होकर उत्साहवर्धक बयान तक सीमित रह जाने वाला नेतृत्त्व आज हमारे देश की नियति बन चुका है। चौदह फरवरी को पुलवामा जिले के गोरीपोरा में सीआरपीएफ के काफिले पर आत्मघाती हमला कर आतंकवादियों ने एक बार फिर हमें ललकारा है। अब तक के बड़े आतंकी हमलों से यह तो साफ हो गया है कि हम आतंकियों की जिहादी सोच को समझने के बाद भी अपनी रणनीति को प्रभावी बनाने का प्रयास नहीं करते। क्या यह हमारा दुर्भाग्य नहीं है कि हम तीन दशकों से आतंकवाद से जूझ रहे हैं। आज का सभ्य समाज कोई आतंकवादी घटना घटने के बाद शोक जताने और श्रद्धांजलि सभा करने को ही अपना कर्तव्य समझने लगा है, जबकि हम सबको आतंकियों की हिंसक मानसिकता को समझ कर संघर्ष करने के लिए सजग रहना चाहिए। पिछले कुछ वर्षों से आतंकवादी हमारे सैन्य व पुलिस ठिकानों को लक्ष्य बनाकर देश को हानि पहुंचा रहे हैं। जब हमारा देश विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल होने वाला है तो फिर हमको कम से कम अपने देश का मुकुट 'जम्मू-कश्मीर' को आतंकियों से तो बचाना ही होगा। हमें अपनी सुरक्षा में हो रही चूकों व अन्य संदेहात्मक तत्त्वों की सच्चाई को समझना होगा। सुरक्षाबलों और सीमाओं पर बार-बार होने वाले आतंकी हमलों के पीछे छुपे देशद्रोही भेदियों व उनके साथियों को ढूंढ़ना होगा। बिना किसी गुप्त सूचना के कोई घुसपैठिया हमारी सेनाओं के अतिसुरक्षित क्षेत्रों और सुरक्षाबलों के काफिले को निशाना बनाने में कैसे सफल हो सकता है? हमें हमारी सेनाओं व सुरक्षाबलों की सजगता, सतर्कता व कर्तव्य परायणता पर कोई संदेह नहीं है, लेकिन फिर भी हम कब तक ऐसे आत्मघाती हमलों को सहते रहेंगे?

● *विनोद कुमार सर्वोदय, गाजियाबाद*

सिखाना होगा सबक

सन 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री ने देश की जनता से एक वादा किया था कि अगर कोई तलवार की नोक से या एटम बम से हमारे देश को झुकाना चाहे या डराना चाहे तो यह देश डरने वाला नहीं है। एक सरकार होने के नाते हमारा क्या जवाब हो सकता है, सिवाय इसके कि हम हथियार का जवाब हथियार से दें। आज भी ऐसी ही स्थिति उत्पन्न हो गई है। आज पूरा देश सरकार की तरफ देख रहा है और कह रहा है कि पाकिस्तान की इस कायराना हरकत का जवाब दिया जाना चाहिए। सेना का मनोबल बनाए रखने के लिए भी जरूरी हो गया है कि हम पाकिस्तान की इस कायराना हरकत का जवाब जल्द से जल्द दें क्योंकि देश की जनता में अब इतनी क्षमता नहीं रह गई है कि वह अपने जवानों को शहीद होते देखे। भारत आज इतना सक्षम है कि वह किसी अन्य देश की सहायता के बिना भी पाकिस्तान से आतंकवाद का सफाया कर सकता है।

● *उपेंद्र मौर्या, लखनऊ*

जवाबी रणनीति की जरूरत

पाकिस्तान की आंतरिक स्थिति वैसी ही बनी हुई है, जैसी सैन्य तानाशाह ने निर्मित की थी। पिछले साठ वर्षों से चीन से मिल रही सहायता से भी पाकिस्तान को भारत के विरुद्ध कार्रवाई करने की शक्ति प्राप्त होती रही है। संयुक्त राष्ट्र में भी अजहर मसूद के मामले में चीन ने उसका पूरा सहयोग किया है। इन सब तथ्यों को ध्यान में रखते हुए पुलवामा हमले के बाद भारत को कूटनीतिक स्तर पर नई पहल करनी होगी। वर्तमान केंद्र सरकार ने बीते करीब साढ़े चार वर्षों में विदेश नीति और कूटनीति के स्तर पर काफी बेहतर रणनीति अपनाई है। सरकार ने कूटनीति को अलग स्तर पर ले जाकर दुनियाभर के देशों से प्रगाढ़ संबंध बनाए हैं और पाकिस्तान को अलग-थलग किया है। अब उन्हीं संबंधों और रणनीतियों को उचित ढंग से साध कर जवाबी कार्रवाई के लिए तैयारी करनी चाहिए।

● *हेमंत कुमार, गोराडीह, भागलपुर*

नोटबंदी का नुकसान

भारत के अग्रणी बैंक एसबीआइ द्वारा हाल ही में आर्थिक अनुसंधान रिपोर्ट जारी की गई। रिपोर्ट चौंकाने वाली है और इसमें बताया गया है कि अर्थव्यवस्था में नकदी का चलन पहले की तुलना में कहीं अधिक बढ़ गया है, लेकिन आर्थिक गतिविधियां सुस्त पड़ गई हैं। निजी क्षेत्र में नया पूंजी निवेश नहीं के बराबर हो रहा है और न ही धंधा चलाने वाले ऋण की मांग कर रहे हैं। अगर यह सच्चाई है तो फिर बेरोजगारी की दर जो 45 साल में सबसे अधिक बताई जा रही है, उसे हमें मानना ही होगा। दूसरी बात यह कि नोटबंदी के जो फायदे गिनवाए गए थे, उसमें नकदी रहित या कम नकदी वाली अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, ऐसा दावा लगातार किया गया। मगर सच्चाई तो यह है नोटबंदी के पहले अर्थव्यवस्था में 17.82 लाख करोड़ की नकदी प्रसार में थी। आज 20 लाख करोड़ की नकदी बाजार में है। मतलब नकदी का लेन-देन घटने के बजाय बढ़ गया है, इस तरह तो विमुद्रीकरण से लाभ के बजाय हानि ज्यादा दिख रही है।

● *जंग बहादुर सिंह, जमशेदपुर*

चित्त की एकाग्रता जरूरी

परीक्षाओं का समय निकट है। ऐसे में विद्यार्थियों का पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना और इसके लिए अतिरिक्त समय निकालना आवश्यक हो जाता है। विद्यार्थी अगर पूरे साल संजीदगी के साथ पढ़ते हैं तो परीक्षा उनके लिए तनाव पैदा नहीं करेगी। पढ़ाई या कोई भी महत्त्वपूर्ण कार्य हो, चित्त की एकाग्रता परम आवश्यक है। वर्तमान दौर में मोबाइल, इंटरनेट, विलासितापूर्ण जीवन शैली और आडंबरयुक्त सामाजिक वातावरण विद्यार्थियों का ध्यान पढ़ाई से भटका रहा है। इन सब से बचते हुए अगर विद्यार्थी लगन से पढ़ाई करता है तो निश्चित ही सफलता उसके कदम चूमेगी। शिक्षकों को भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देना चाहिए। कोर्स पूरा कराना और विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को शांत करना एक कुशल शिक्षक का दायित्व है।

● *ललित महालकरी, इंदौर*

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com